घोटे वाली लाल चुनरियाँ ओड के आजा माँ मेरी

घोटे वाली लाल चुनरियाँ ओड के आजा माँ मेरी,
तेरे बच्चे तुझे पुकारे मंदिर छोड़ आजा माँ मेरी,
बच्चे तुझे पुकारे माँ सब कुछ छोड़ के आजा माँ,

मैया तेरे भकत का बेडा तूफानों ने घेर लिया,
कोई सहरा नजर न आये मुँह है सब ने फेर लिया,
सोइ हुई अब ममता है तेरी तू छोड़ के आजा माँ मेरी,
बच्चे तुझे पुकारे ..

गम के बादल गरज रहे है दुःख की बिजली कड़के माँ,
अंधकारो ने खाये उजाले निर्बल का दिल धड़के माँ,
लेहरो की दीवारों को तोड़ के आजा माँ मेरी,
घोटे वाली लाल चुनरियाँ ओड के आजा माँ मेरी,

झुलस गया जीवन मेरा दहशत के अंगारो में ,
अब तक मेरे सदा न पहुंची क्यों तेरे दरबारों में,
तड़प मेरी से दया तू अपनी जोड़ के आजा माँ मेरी,
घोटे वाली लाल चुनरियाँ ओड के आजा माँ मेरी,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/7360/title/ghote-vali-lal-chunariyan-od-ke-aaja-maa-meri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |